राजस्थान एम.सी.ए. एडमिशन टेस्ट (RMCAAT)-2009

प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान

डब्लू–6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342032

वेबसाईट : http://techedu.rajasthan.gov.in फोन : 0291–2110427

www.rmcaat.indiaresults.com फैक्स : 0291–2430398

ऑप्शन फॉर्म (Option Form) भरने के दिशा निर्देश

1. RMCAAT-2009 के माध्यम से एम.सी.ए. संस्थानों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को ओ.एम.आर. ऑप्शन फॉर्म भरना अनिवार्य है। यह ओ.एम.आर. ऑप्शन फॉर्म एवं निर्देश पुस्तिका अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध करवा दिये गये थे। पूर्ण रूप से भरे हुए ऑप्शन फॉर्म दिनाक 18.8.2009 से 28.08.2009 के मध्य निर्धारित नोडल केन्द्रों में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं।
2. नोडल केन्द्र निम्नानुसार है :– राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अजमेर, अलवर, भरतपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, जोधपुर, कोटा, खेतान पॉलिटेक्निक जयपुर, विद्याभवन पॉलिटेक्निक उदयपुर, बिड़ला टेक्निकल ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट पिलानी एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जयपुर।
3. ऑप्शन फॉर्म केवल नोडल केन्द्रों पर ही जमा करवाये जा सकते हैं किसी भी परिस्थिति में ऑप्शन फॉर्म डाक/ कोरियर से नहीं भेजना है।
4. सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियों के लिये स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण व SC, ST, Non Creamy Layer OBC के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः अनिवार्य प्रतिशत से कम प्रतिशत लाने वाले अभ्यार्थियों के आप्शन फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
5. ऑप्शन फॉर्म में मैरिट संख्या के कॉलम को खाली छोड़ें।
6. नोडल केन्द्र पर ऑप्शन फॉर्म जमा कराते समय ऑप्शन फॉर्म के साथ निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से यू क्लिप द्वारा संलग्न करें
   (1) 5,000 रुपए का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो Coordinator, RMCAAT 2009 के नाम से जोधपुर में देय हो।
   (2) XII एवं स्नातक उत्तीर्ण की अंकतालिका की सत्यापित प्रतिलिपि।
   (3) BCA तथा BSC(IT) के अभ्यर्थियों के अलावा सभी अभ्यर्थी XII अथवा स्नातक के दौरान गणित विषय होने की अंक तालिका की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।
   (4) यदि आरक्षित श्रेणी-I (SC, ST, Non Creamy Layer OBC) में आते हैं तो सम्बन्धित जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि।
   (5) यदि आरक्षित श्रेणी-II (Ex S1, Ex S2, Ex S3, Ex S4, KM, PH) में आते हैं तो संबंधित दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि। उपरोक्त दस्तावेजों के अभाव में ऑप्शन फॉर्म स्वीकार्य नही होगा।
7. अभ्यर्थी को दिये गये ऑप्शन फॉर्म खो जाने की अवस्था में डुप्लीकेट ऑप्शन फॉर्म नोडल केन्द्रों से 200/– मात्र का भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
8. विभिन्न महाविद्यालयों की नवीनतम सीट मैट्रिक्स, मण्डल की अधिकृत वेबसाईट पर उपलब्ध है। यदि सीट मैट्रिक्स में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई परिवर्तन किया जाता है तो उसे तत्काल वेबसाईट पर अपडेट कर दिया जायेगा। **अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑप्शन फॉर्म भरने से पूर्व ऑप्शन फॉर्म निर्देश पुस्तिका एवं बेवसाईट पर उपलब्ध अपडेटेड सीट मैट्रिक्स का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें।**
9. नवीनतम सूचनाओं की जानकारी के लिए वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहे।
10. सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को RMCAAT-2009 की मेरिट में वरीयता एवं उनके द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर महाविद्यालय का आंवटन किया जायेगा, तत्पश्चात् आवश्यकतानुसार इनके अपवर्ड मूवमेन्ट (Upward Movement) की प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।
11. RMCAAT-2009 से सम्बन्धित संस्थान निम्नानुसार विश्वविद्यालयों से सम्बद्धता (Affiliation) प्राप्त है :–

Sr. No.	Name of College	Govt./ Private College	University	Govt./ Private University
1.	M.B.M. Engineering, Jodhpur	Govt.	JNVU Jodhpur	Govt.
2.	University Computer Center, M.L.S. University, Udaipur	Govt.	MLSU Udaipur	Govt.
3.	Department of Computer Science, University of Kota, Kota	Govt.	University of Kota	Govt.
4.	Gyan Vihar School of Engg & Tech. Jaipur	Private	Suresh Gyan Vihar University, Jaipur	Private
5.	All other College except above	Govt./ Private	RTU, Kota	Govt.

समन्वयक